पंजाब केसरी 27/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में रैगिंग के प्रति 'शून्य सहनशीलता' : डॉ. रोहित दत्त

एंटी रैगिंग सैल एवं आई.सी.सी. समिति के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों ने निकाली एंटी रैगिंग जागरूकता रैली

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एंटी रैगिंग जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 26 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के एंटी रैगिंग सैल एवं आई.सी.सी. समिति के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में एंटी रैगिंग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा कॉलेज में सुरक्षित, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखना था।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि संस्थान में रैगिंग के प्रति 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाई गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आपसी सम्मान, सहयोग और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध है।

एंटी रैगिंग सैल की संयोजिका डॉ. मनजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज परिसर में रैगिंग का कोई भी मामला नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रैली केवल जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को रैगिंग के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है, ताकि भविष्य में भी परिसर का वातावरण पूर्णतः रैगिंग मुक्त बना रहे।

इस अवसर पर बृजेश कुमार, डॉ. एस.के. पांडेय, डॉ. अमिता तथा जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल ने विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए रैगिंग मुक्त परिसर बनाए रखने का संकल्प दिलाया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन एवं जागरूकता नारों के माध्यम से एंटी रैगिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।